**D 11795** **(Pages : 3)** **Name.....................................**

**Reg. No.................................**

## THIRD SEMESTER (CUCBCSS-UG) DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2021

Hindi

HIN 3A 09 (1)—POETRY IN HINDI

(2016—2018 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 नागार्जुन का असली नाम कौन-सा है ?

(विद्यानिवास मिश्र, वैद्यनाथ मिश्र, भवानीप्रसाद मिश्र, भगीरथ मिश्र)

2 कौशिक मुनि कौन है ?

(शुक्राचार्य, वसिष्ठ, विश्वामिश्र, गौतम मुनि)

3 इनमें छायावाद का प्रतिष्ठित कवि कौन है ?

(ज्ञानेन्द्रपति, अरुण कमल, निराला, मैथिलीशरण गुप्त)

4 किस कवि को 'वाणी का डिक्टेटर ' कहते है ?

(तुलसी, कबीर, सूरदास, अज्ञेय)

5 'ओढ़नी' किसकी लिखी कविता है ?

(बद्रीनारायण, वीरेन डंगवाल, अनामिका, उदय प्रकाश)

(ख ) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 राम की माता का क्या नाम है ?

7 छायावाद के सुकुमार कवि किसे कहते हैं ?

8 'अपराजिता' किसकी लिखी कविता है ?

**Turn over**

131057



9 किसे 'वात्सल्य और श्रृंगार के सर्वश्रेष्ठ कवि' कहा जाता है ?

10 प्रयोगवाद और नयी कविता का प्रवर्तक कवि कौन है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 माटी कुम्हार को कौन-सी चेतावनी देती है ?

12 'मैया मोहि दाऊ बहुत खिझायो

मोसो कहत मोल को लीनो, तू जसुमति कब जायो ।' इन पंक्तियों का भाव समझाइए ।

13 'बादल राग-6' कविता का कवि कौन है ? इस कविता में बादल किसका प्रतीक है ?

14 'मोह' कविता का मूल प्रतिपाद्य क्या है ?

15 'चारों ओर मचा है हाहाकार !

नहीं इधर से आते-जाते पांथ

पशु-पक्षी भी उससे रहते दूर'—ये पंक्तियाँ किस रचना की है ? यहाँ किसके आतंक का वर्णन कवि कह रहा है ?

16 'अग्रज की यह दशा देख सौमित्र

हुआ और भी व्यथित हुआ निशःब्द '—यह प्रसंग किस रचना का है ? इस प्रसंग का अग्रज कौन है और सौमित्र कौन है ?

17 बारिश खून के छब्बे के प्रति किस प्रकार का व्यवहार करती है ?

18 'नदी और साबुन' कविता का रचनाकार कौन है ? कवि के विचार में नदी की शुभ्र त्वचा कैसे बैंगनी हो गयी ?

19 'याद आ रहे मुझको बारंबार

वृद्ध पिता के सजल स्निग्ध नेत्र । '—इस प्रसंग का वक्ता कौन है ? इस प्रसंग के वृद्ध पिता कौन हैं ?

20 'ऐ इन्सानो' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

21 किस घटना के आधार पर 'सम्राज्ञी का नैवेद्य दान' कविता लिखी गयी है ?

22 'देख सामने राम रह गए दंग

मुँह से फूटा नहीं एक भी बोल।'—यहाँ क्या देखकर राम दंग रह गये ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 पाणी केरा बुदबुदा, अस मानुस की जाति ।

देखत ही छिपि जाइगे, ज्यौं तारे पर भाति ।।

131057

24 अशनि-पात से शायित उन्नत शत-शत वीर,

क्षत-विक्षत हत अचल-शरीर,

गगन-स्पर्शी स्पर्धा-धीर ।

हँसते हैं छोटे पौधे लघु भार ।

25 पर नहीं कर सके पराजित वे

हमारी अजेय आत्मा को

उनके उत्तराधिकारी

और फिर उनके उत्तराधिकारियों के उत्तराधिकारी भी ।

26 तू इतनी दुबली क्यों है

और मैली-कुचैली

मरी हुई इच्छाओं की तरह मछलियाँ क्यों उतराई हैं । तुम्हारे दुर्दिनों के दुर्जल में ।

27 कौन देव, तुम मेरे हृदयाधार ?

असुर क्रूर, तो सुर होते हैं धूर्त

क्षणमति होते किन्नर और गंधर्व

दुर्विदग्ध संशयी, हृदय से हीन

होता मानव. तुम हो उससे भिन्न ।

28 सोच रही हूँ कब होगा वह कल्प

वह मन्वंतर, युगारंभ का दौर

सोच रही हूँ परिवर्तित वह काल

कैसा होगा, क्या होगी युग रीति ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 नारी विमर्श के संदर्भ में 'भूमिजा' की सीता का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

30 'बस्स ! बहुत हो चुका' कविता की समीक्षा कीजिए ।

31 'बादल रागः 6'— कविता का सारांश लिखकर उसमें अभिव्यक्त विचारों पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

**D 71601** (Pages : 4) Name.....................................

Reg. No.....................................

...ok Arts & Science College ... akkal, Ma... ...ram

# THIRD SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION NOVEMBER 2019

(CUCBCSS—UG)

Hindi

## A 09 (1)—POETRY IN HINDI

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए : (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'भूमिजा' का रचनाकार कौन है ?

(रघुवीर सहाय, नरेश मेहता, दिनकर, नागार्जुन)

2 इनमें कात्यायनी की कविता कौन-सी है ?

(ओढनी, अपराजिता, पिछडा आदमी, ऐ इन्सानो)

3 पंत की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(गुंजन, वीणा, चिदंबरा, तारापथ)

4 कबीर की बानी का संग्रह कौन-सा है ?

(कवितावली, गीतावली, बीजक, गीतांजली)

5 'नदी और साबुन' का कवि कौन है ?

(आलोक धन्वा, ज्ञानेन्द्रपति, वीरेन डंगवाल, नागार्जुन)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 अज्ञेय की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है ?

7 नागार्जुन का सही नाम कौन-सा है ?

8 अहल्या के पति का क्या नाम है ?

9 सूरदास की सबसे प्रसिद्ध रचना कौन-सी है ?

10 'बादल-राग-6' का कवि कौन है ?

(10 × 1 = 10 marks)

**Turn over**

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 साधु के स्वभाव के संबंध में कबीर का विचार क्या है ?

12 चंदन के पेड के द्वारा साधु संगति के संबंध में कबीर क्या उपदेश देते हैं ?

13 स्वामी की कृपा के संबंध में सूरदास की क्या राय है ?

14 'विप्लव रव से छोटे ही है शोभा पाते'—इस पंक्ति का मतलब क्या है ?

15 'तुम्हें सौंपते आए है हम अंब

अपने-अपने वंशधरों की अस्थि'—यह प्रसंग कौन किससे कह रहा है ? इन पंक्तियों का कवि कौन है ?

16 'सम्राज्ञी का नैवेद्य-दान' कविता का आधार क्या है ?

17 'बाल, वृद्ध रोगी अथवा विकलांग

नहीं किसी को वह सकती है छोड'—इन पंक्तियों में किसके अत्याचार वर्णन हुआ है ? इन पंक्तियों का कवि कौन है ?

18 'मोह' कविता की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए ।

19 'स्वार्थी कारखानों का तेजाबी झेलते

बैंगनी हो गयी तुम्हारी शुभ्रत्वचा' । ये पंक्तियाँ किस कविता की है ? किसकी शुभ्र त्वचा बैंगनी हो गयी है ?

20 'धब्बा' कविता का कवि कौन है ? इस कविता की मूल संवेदना क्या है ?

21 'छिपाते थे मुझसे सब लोग

वहाँ मेरे प्रजनन की बात'—किसके प्रजनन की बात सब लोग छिपाते थे ? ये पंक्तियाँ किस रचना की है ?

22 जो रोटी का युद्ध करेगा

वह रोटी को आप वरेगा—यह प्रसंग किस कविता की है ? इसका कवि कौन है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 माटी कहै कुम्हार से, तू क्या रौंदे मोय ।

इन दिन ऐसे होयगा, मैं रौंदूँगी तोय ।।

24 वे तमाम वर्ष
वृत्ताकार होकर घूमते हैं
करते हैं छलनी लगातार
उँगलियों और हथेलियों को
नस-नस में समा जाता है ठंडा-ताप ।

25 रूद्ध कोष है, क्षुब्ध तोष
अंगना-अंग से लिपटे भी
आतंक-अंक पर काँप रहे हैं
धनी, वज्र गर्जन से बादल !

26 वह अलग बैठा टूँगता रहता था
जब सब निढाल हो सो जाते थे
वह शून्य में टकटकी लगाये रहता था
लेकिन जब गोली चली
तब सबसे पहले
वही मारा गया ।

27 नहीं हुई थीं अंब, आप पाषाण
नहीं हुई थीं, अंब आप निष्प्राण
नहीं-नहीं, अन्त:सलिला मरूभूमि
सदृश आप भी रहीं चेतनापूर्ण ।

28 हाय रे एकपक्षीय वह न्याय
इकहरी मर्यादा का बोध
करे साडंबर नारी - मेध

बने पुरूषोत्तम जग-विख्यात

रचित होगा फिर-फिर इतिहास

हमारा क्या ! हम तो हैं घास !

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'बादल-राग-6' कविता में अभिव्यक्त क्रांति चेतना का परिचय दीजिए ।

30 'भूमिजा' के प्रमुख स्त्री पात्रों का परिचय दीजिए ।

31 'अपराजिता' कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 15 = 30 marks)

C 31117 (Pages : 4) Name..............................

Reg. No..............................

# THIRD SEMESTER B.A./B.Sc. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2017

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 09 (L)—POETRY IN HINDI

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'मोह' कविता का कवि कौन है ?

(मैथिलीशरणगुप्त, पंत, उयद प्रकाश, कात्यायनी)

2 कबीर किसका शिष्य माने जाते है ?

(रामानुज, रामतीर्थ, रामानंद, मलूकदास)

3 इनमें कात्यायनी की कविता कौन-सी है ?

(नदी और साबुन, प्रेत का बयान,)

4 'भूमिजा' खंडकाव्य का लेखक कौन है ?

(अरुण कमल, नागार्जुन, निराला, नरेश मेहता)

5 गांधि-पुत्र कौन है ?

(वाल्मीकि, गौतम मुनि, विश्वामित्र, वसिष्ठ मुनि)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 नागार्जुन का असली नाम क्या है ?

7 'ओढनी' कविता का रचनाकार कौन है ?

8 सुमित्रानंदन पंत की किस रचना को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

Turn over

9 'धब्बा' का कवि कौन है ?

10 अज्ञेय का पूरा नाम क्या है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 कबीर गोविन्द की अपेक्षा गुरू को क्यों महत्व देते हैं ?

12 "मैया मोहि बहुत खिझायो
मोसे कहत मोल को लीनो, तू जसुमति कब जायो"

—इन पंक्तियों का मतलब क्या है ?

13 'बादल राग के 6' द्वारा कवि का उद्देश्य क्या है ?

14 कौन-सी घटना 'सम्राज्ञी का नैवेद्य दान' कविता का आधार है ?

15 कबीर ने संत की तुलना चंदन के पेड से क्यों की ?

16 'ऐ इन्सानो' कविता की मूल संवेदना क्या है ?

17 सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के अनुसार सबसे पहले कौन मारा जाता है ?

18 बारिश धब्बे के प्रति कौन-सा व्यवहार करती है ?

19 नदी की शुभ्र त्वचा बैंगनी हो जाने का क्या कारण है ?

20 अहल्या अपने में प्राण संचार करनेवाले व्यक्ति को असुर, सुर अथवा मानव मानने को क्यों तैयार नहीं है ?

21 "तात, यही है बस अपना सीमांत
नदी-पार से होता है आरंभ"

—यह कथन किसका है ? नदी-पार से क्या आरंभ होता है ?

22 "सत्य-सत्य कहती हूँ परमोदार !
साक्षी पृथ्वी-साक्षी है आकाश
हुई नहीं संपृक्त किसी के साथ"

—ये पंक्तियाँ किस रचना की है ? यह प्रसंग कौन किससे कहती है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं चार अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

23 माली आवत देखि कै, कलियाँ करत पुकार ।
फूली-फूली चुन लई, काल्हि हमारी बार ।।

24 अट्टालिका नहीं है रे
आतंक-भवन,
सदा पंक पर ही होता
जल-विप्लव-प्लावन
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से
सदा छलकता नीर,
रोग शेक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर ।

25 आज भी वह संघर्षरत है
नित-निरन्तर
उनके साथ
जिनके पास खोने को सिर्फ जंजीरें ही हैं
बिल्कुल हमारी ही तरह !

26 वे तमाम वर्ष
वृत्ताकार होकर धूमते हैं
करते हैं छलनी लगातार
उँगलियों और हथेलियों को
नस-नस में समा जाता है ठंग-ताप ।

27 त्रिविध-तापहारिणी गंगे, तुम धन्य !
देवी तुम्हारी महिमा अपलम्पार !
पाकर तेरे जलकण का संस्पर्श
कट जाते हैं युग-युग-संचित पाप ।
हट जाते हैं बड़े-बड़े अभिशाप ।

28 इकहरी मर्यादा का बोध
क्रूरे साडंबर नारी-मेध
बने पुरूषोत्तम जग-विख्यात
रचित होगी फिर्-फिर इतिहास
हमारा क्या ! हम तो हैं घास !

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'सम्राज्ञी का नैवेद्य दान' कविता की समीक्षा कीजिए ।

30 नारी विमर्श के परिप्रेक्ष्य में भूमिका की आलोचना कीजिए ।

31 'बस्स ! बहुत हो चुका' कविता में अभिव्यक्त विचारों की विवेचना कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)